Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- भरतपुर में पृथ्वीराज सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना गहनोली मोड जिला भरतपुर 5,000/- रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 19 जून, गुरूवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए पृथ्वीराज सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना गहनोली मोड जिला भरतपुर को कस्बा रूपवास में 5,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की एक्सीडेंटल गाडी को न्यायालय से छुडवाने के आदेश करवाने एवं मुकदमें में मदद करने की एवज में आरोपी पृथ्वीराज सहायक उप निरीक्षक 5,000/- रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज भरपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी भरतपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के नेतृत्व में आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी पृथ्वीराज सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना गहनोली मोड जिला भरतपुर को 5,000/- रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।